आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 31.08.2026 समय: 18:30 पीएम

- वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था का उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन- वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7 दशमलव 8 प्रतिशत।
- राज्य में 309 नगर निकायों में होने वाले चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का काम पूरा-21 हज़ार से अधिक उम्मीदवार मैदान में।
- राजस्थान पुलिस ने साइबर ठगी के नये तरीके बॉस स्कैम को लेकर लोगों से सावधान रहने की अपील की।
- प्रदेश में मॉनसूनी गतिविधियां फिलहाल थमीं-19 जिलों में अब तक सामान्य से कम पानी बरसा।

000

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में देश की जीडीपी में सात दशमलव आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह वृद्धि दर छह दशमलव नौ प्रतिशत रही थी। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास की रफ्तार बरकरार रख उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में नॉमिनल जीडीपी में भी दस दशमलव तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने आज चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से जून तक के लिए जीडीपी के तिमाही अनुमान जारी किए। ये आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य अनुमानों से काफी बेहतर रहे हैं। मजबूत घरेलू खपत सरकारी पूंजीगत व्यय, मैन्यूफेक्चरिंग, सेवा क्षेत्र और रीयल एस्टेट ने इस बढ़ोतरी को बनाये रखने में मदद की है।

000

प्रदेश में 309 नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया आज पूरी हुई। अंतिम दिन तेज सरगर्मियां रहीं। नामांकन केन्द्रों पर दिनभर गहमागहमी बनी रही। विभिन्न नगर निकायों में बड़ी संख्या में प्रत्याशी और उनके समर्थक नामांकन दाखिल करने पहुंचे। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ नामांकन पत्र भरने का सिलसिला दोपहर 3 बजे तक चला।

कुछ स्थानों पर प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ ढोल-नगाड़े बजाते हुए नाम-निर्देशन पत्र पेश करने पहुंचे।

भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों ने कुछ वॉर्डों में उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की और सीधे अपने प्रत्याशियों को सिम्बल सौंपे। कुछ स्थानों पर टिकट वितरण को लेकर दावेदारों में नाराजगी और विरोध भी देखा गया। विभिन्न पार्टियों के साथ ही निर्दलीय उम्मीदवारों में भी नामांकन दाखिल करने को लेकर उत्साह रहा। 10 हजार 245 वॉर्डों के लिए करीब 21 हजार से अधिक प्रत्याशियों ने लगभग साढ़े 26 हजार से ज्यादा नामांकन भरे हैं। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। वहीं 3 सितम्बर तक नाम वापिस लिये जा सकेंगे। इसके बाद उम्मीदवारों की तस्वीर पूरी साफ हो जाएगी। निकाय चुनावों के लिए दो चरणों में 9 और 11 सितम्बर को मतदान होगा। 14 सितम्बर को वोटों की गिनती की जाएगी।

इस बीच, निकाय चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता अभियान की सक्रियता बनी हुई है। विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये आमजन को मतदान के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही बिना किसी प्रलोभन के निष्पक्ष मतदान करने की अपील की जा रही है। रैली, रंगोली और विभिन्न सम्मेलनों के माध्यम से मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाने का संदेश दिया जा रहा है।

000

राजस्थान पुलिस ने लोगों से साइबर ठगी के नये तरीके बॉस स्कैम से सावधान रहने की अपील की है। पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक वी.के. सिंह ने बताया कि इसमें अपराधी सोशल मीडिया के जरिये लोगों की जानकारी जुटाते हैं और विभिन्न संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी बनकर उनके कर्मचारियों से ठगी करने का प्रयास करते हैं। पुलिस ने किसी भी वित्तीय लेनदेन और डेटा संबंधी पुष्टि के लिए मल्टी लेवल अप्रूवल सिस्टम लागू करने की अपील की है। इस बीच, डीग में आपरेशन काउंट डाउन के तहत एक संगठित साइबर अपराध-सिंडीकेट का पर्दाफाश किया है। दिल्ली पुलिस के सहयोग से हुई इस कार्रवाई में दिल्ली के साइबर ठगों का खुलासा किया गया है। डीग पुलिस अधीक्षक काम्बले शरण गोपीनाथ ने बताया कि आरोपी लोगों को बैंक क्रेडिट कार्ड दिलाने का झांसा देकर ठगी को अंजाम दे रहे थे।

…………………

प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों और गोदामों पर छापेमारी कर खाने-पीने की चीजों के नमूने लिये जा रहे हैं। खराब और अवधि पार सामग्री मिलने पर उसे नष्ट भी करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीकानेर पहुंचे जयपुर के केन्द्रीय दल ने बीछवाल क्षेत्र में एक गोदाम को सीज किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि इस गोदाम से मिठाइयों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गये हैं।

000

सिरोही जिले में रेवदर के पास आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को अनादरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना कांडला हाईवे पर होलागरा के पास कार और मोटरसाइकिल की टक्कर से हुई।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26वें शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आज किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक पहुंचे। दो दिन की इस यात्रा में श्री मोदी ने आज राष्ट्रपति सादोर जापारोफ के साथ बैठक की। श्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से भी मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी मुद्दों का समाधान संवाद और कूटनीति से होना चाहिए। श्री मोदी ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों की ज़रूरत पर ज़ोर दिया।

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने बिश्केक में आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने रक्षा, अर्थव्यवस्था और तकनीक सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर वार्ता की। श्री मोदी ने बिश्केक स्थित महात्मा गांधी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री के बिश्केक पहुंचने पर भारतीय समुदाय की ओर से उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। प्रधानमंत्री कल बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन के 26वें शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल में मौजूद एथेनॉल की सटीक मात्रा अनिवार्य रूप से बताने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। अधिवक्ता नरेंद्र गोस्वामी की ओर से दायर की गई इस याचिका में एथेनॉल-

मिश्रित ईंधन के वाहनों के इस्तेमाल की अनुकूलता के बारे में अधिक पारदर्शिता के निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए उन्हें अपनी शिकायत लेकर संबंधित उच्च न्यायालय जाने की छूट दी। याचिका में मांग की गई थी कि हर पेट्रोल पंप के हर नोजल पर एथेनॉल का प्रतिशत अंकित होना चाहिए। साथ ही पेट्रोल पम्प से मिली रसीद पर भी एथेनॉल का प्रतिशत लिखा जाना चाहिए। याचिका में यह भी मांग की गई थी कि सरकार ई-20 पेट्रोल की उपयुक्तता को लेकर वाहनवार आधिकारिक सूची बनाए। इसके अलावा जो पुराने वाहन ई-20 उपयुक्त नहीं हैं, उनके लिए बदलाव की ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे उन्हें कम- एथेनॉल वाला पेट्रोल उपलब्ध कराया जा सके।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वस्त्र और परिधान क्षेत्र भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के साथ ही लाखों लोगों को आजीविका भी देता है। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान-निफ्ट के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से विरासत और मूल्यों से जुड़े रहते हुए वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फैशन और वस्त्र प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

..................

राष्ट्रपति ने कहा कि फैशन उद्योग में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में युवाओं से योगदान देने का आह्वान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनने का प्रयास करना चाहिए और दूसरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने चाहिए।

000

प्रदेश में मॉनसूनी गतिविधियां फिलहाल थमी हुई हैं और 3 सितम्बर से बारिश का नया दौर शुरू होने की संभावना है। हालांकि उदयपुर संभाग सहित कुछ स्थानों पर छुट पुट बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 4 से 7 सितम्बर के दौरान भरतपुर, कोटा, जयपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग में गरज के साथ बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान कोटा संभाग और आस-पास के क्षेत्र में कहीं-कहीं मध्यम से तेज और भारी बरसात की भी संभावना है।

पश्चिमी राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में अगले कुछ दिन मॉनसून की परिस्थितियां कमजोर रहने के आसार हैं। बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। जल संसाधन विभाग के अनुसार प्रदेश में इस सीजन में अब तक करीब 18 प्रतिशत कम बारिश हुई है। 362 मिलीमीटर सामान्य बरसात के मुकाबले अब तक 295 मिलीमीटर पानी बरसा है। राजधानी जयपुर, बांसवाड़ा, बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, सवाईमाधोपुर, जैसलमेर और उदयपुर सहित 19 जिले कम बारिश वाले स्थानों में शामिल हैं।

000